उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 21.03.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 21.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 21.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

होली त्यौहार के दृष्टिगत एक लम्बे अन्तराल के बाद आज दिनांकः- 21.03.2025 को खुल रहे बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई की पुलिस टीम ने 03 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 21.03.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 अनुज कुमार सिंह मय हमराह म0उ0नि0 एकता भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 92/25 धारा 85/80 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट से सम्बन्धित 03 नफर वांछित अभियुक्तगण क्रमशः 1.धीरेन्द्र पुत्र चरन कुशवाहा उम्र करीब 22 वर्ष 2.चरन उर्फ चन्ना पुत्र नत्थू कुशवाहा उम्र करीब 45 वर्ष 3.श्रीमती फूल रानी पत्नी चरन कुशवाहा उम्र करीब 42 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम रिवई थाना कबरई जनपद महोबा को ग्राम सुकौरा थाना कबरई के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 अनुज कुमार सिंह
2. म0उ0नि0 एकता भदौरिया
3. का0 बृजेश कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1. धीरेन्द्र पुत्र चरन कुशवाहा उम्र करीब 22 वर्ष नि0 ग्राम रिवई थाना कबरई जनपद महोबा
2. चरन उर्फ चन्ना पुत्र नत्थू कुशवाहा उम्र करीब 45 वर्ष नि0 ग्राम रिवई थाना कबरई महोबा
3. श्रीमती फूल रानी पत्नी चरन कुशवाहा उम्र करीब 42 वर्ष नि0 ग्राम रिवई थाना कबरई जनपद महोबा।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 21.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन महोबा का भ्रमण कर जनपद महोबा में प्रस्तावित पुलिस भर्ती-2023 में चयनित आरक्षियों के प्रशिक्षण केन्द्र में भौतिक सुविधाओं का लिया गया जायजा, दिए गए आवश्यक निर्देश-

आज दिनांक- 21.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस लाइन महोबा का भ्रमण कर जनपद महोबा में प्रस्तावित पुलिस भर्ती-2023 में चयनित आरक्षियों के प्रशिक्षण हेतु RTC बैरक, भोजनालय, प्रशिक्षण कक्ष का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है।

जनपद महोबा को आवंटित रिक्रूट आरक्षियों महिला एवं पुरुष के जीटीसी एवं आरटीसी प्रशिक्षण के दृष्टिगत मूलभूत सुविधाओं एवं समुचित सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस लाइन प्रशिक्षण केन्द्र में साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि निकट भविष्य में जनपद महोबा में आरक्षी पुलिस भर्ती-2023 में चयनित अभ्यर्थियों में से कुल 311 अभ्यर्थियों (249 पुरुष एवं 62 महिला) को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है, प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया है। पुलिस लाइन में आरक्षियों को प्रशिक्षण के दौरान समुचित व्यवस्था एवं सुरक्षा के मद्देनजर नवनिर्मित भवनों का निरीक्षण कर उनके निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से अतिशीघ्र पूरा किये जाने के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर, श्री दीपक दुबे, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवकुमार, पीआरओ श्री अरविन्द सिंह गौर सहित अन्य अधि./कर्म. मौजूद रहे।





## जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में यातायात पुलिस टीम द्वारा सड़क किनारे अवस्थित पेड़ों में रिफ्लेक्टर टेप लगाये जा रहे हैं-

जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में रोक लगाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर यातायात प्रभारी महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व यातायात पुलिस टीम द्वारा दुर्घटना बाहुल्य हाट-स्पॉट प्वाइंट्स का चिन्हांकन करते हुए ऐसे स्थलों का भ्रमण कर इन मार्गों के किनारे अवस्थित पेड़ों में रिफ्लेक्टर टेप लगाये जा रहे हैं। जिससे रात्रि के समय में होने वाली संभावित सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

यातायात पुलिस टीम द्वारा श्रीनगर रोड पर किनारे स्थित पेड़ो पर रिफ्लेक्टर टेप लगाया गया है, जिससे रात में वाहन चालकों की विजिबिलिटी बनी रहे और दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके।

रात्रि में वाहन चलाते समय प्रकाश की कमी के साथ ही सामने से आ रहे वाहन की लाइट से भी वाहन चालकों को सड़क की चौड़ाई का अंदाजा लगाने में कठिनाई होती है, जिससे सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद महोबा में ऐसी सड़क दुर्घटनाओं को रोके जाने के उद्देश्य से सड़क किनारे अवस्थित पेड़ों में रिफ्लेक्टर टेप लगाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके क्रम में यातायात पुलिस टीम द्वारा कानपुर सागर हाइवे में दुर्घटना बाहुल्य इलाकों में सड़क किनारे लगे पेड़ो में रिफ्लेक्टर टेप लगाये जाने की प्रक्रिया आरम्भ की गई है।





